TOP ENGLISH NEWS CHANNEL & THEIR FINANCIAL RESURGENCE

News is where the major action has been in the pandemic era. Despite the controversies galore, the news channels have held on steady in terms of the advertising revenues in the Covid era. We take a look at the leading news channel and how their numbers stacked up.

NDTV

New Delhi Television Ltd (commonly abbreviated as NDTV) is an Indian news media company focusing on broadcast and digital news publication. The company is considered to be a legacy brand that pioneered independent news broadcasting in India, and is credited for launching the first 24x7 news channel and the first lifestyle channel in the country. It owns and operates the broadcast news channels of NDTV India and NDTV 24x7. The two channels of the company have received 32 Ramnath Goenka Excellence in Journalism Awards.

NDTV was founded in 1984, by the journalist Radhika Roy and the economist Prannoy Roy, a husband and wife duo from the city of Kolkata in the state of West Bengal. It began as a production house for news segments for the public broadcaster Doordarshan and international satellite channels when television broadcasting was a state monopoly and transitioned into the first independent news network in India. The company launched the first 24x7 news channel in partnership with Star India in 1998.

Between 1998 and 2003, NDTV was in an exclusive agreement with Star India to produce all its news segment. In 2003, the company became an independent broadcasting network with the simultaneous launch of the Hindi and English language news channels known as NDTV India and NDTV 24x7. It also launched a business news channel NDTV Profit which was later converted into an information and entertainment channel NDTV Prime. The

प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल और उनका वित्तीय पुर्नउत्थान

समाचार यह है जहां कि महामारी के युग में सबसे अधिक गतिविधियां देखने को मिल रही है। न्यूज चैनलों के खिलाफ आपराधिक मामलों के दर्ज होने और विवादों के बावजूद कोविद के दौर में विज्ञापन राजस्व के मामलों में समाचार चैनल स्थिर रहे हैं। हम प्रमुख समाचार चैनलों पर एक नजर डालते हैं और पिछले वर्ष के उनकी आर्थिक स्थिति की समीक्षा करते हैं।

एनडीटीवी

नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (आमातौर पर संक्षिप्त नाम एनडीटीवी) एक भारतीय समाचार मीडिया कंपनी है जो प्रसारण व डिजिटल समाचार प्रकाशन पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी को एक विरासत ब्रांड माना जा सकता है जिसने भारत में स्वतंत्र समाचार प्रसारण का बीड़ा उठाया है और देश में पहले **24** घंटे प्रसारण करने वाले न्यूज चैनल और लाइफस्टाइल चैनल लॉन्च करने का श्रेय दिया जा सकता है। यह एनडीटीवी इंडिया और एनडीटीवी **24X7** के प्रसारण समाचार चैनलों का मालिक है और इसका संचालन करता है। कंपनी के दोनों चैनलों को पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए **32** रामनाथ गोयनका पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

एनडीटी की स्थापना **1984** में पत्रकार राधिक रॉय और अर्थ शास्त्री प्रणय रॉय ने की थी जो पश्चिम बंगाल राज्य के कोल्काता शहर से पति पत्नी की एक जोड़ी थी। यह सार्वजनिक प्रसारणकर्ता दूरदर्शन और अंतरराष्ट्रीय सैटेलाइट चैनलों के लिए समाचार खंडों के लिए प्रोडक्शन हाउस के रूप में शुरू हुआ था जब टेलीविजन प्रसारण पर सरकार का एकाधिकार था और भारत में पहले स्वतंत्र समाचार नेटवर्क में परिवर्तित हो गया। कंपनी ने **1998** में स्टार इंडिया के साथ साझेदारी में पहला **24** घंटे प्रसारण करने वाला न्यूज चैनल लॉन्च किया।

1998 से **2003** के बीच एनडीटीवी स्टार इंडिया के साथ अपने सभी समाचार खंडों के निर्माण के लिए विशेष समझौते में था। **2003** में कंपनी, एनडीटीवी इंडिया और एनडीटीवी **247** के रूप में ज्ञात हिंदी और अंग्रेजी भाषा के समाचार चैनलों के एक साथ लॉन्च के साथ एक स्वतंत्र प्रसारण नेटवर्क बन गया। इसने एक व्यवसायिक समाचार चैनल

company has had business interests in general entertainment and e-commerce, and is part of the management of a number of broadcast channels including the lifestyle channel NDTV Good Times, the infotainment channel Astro Awani and the news channel Independent Television through various joint ventures.

NDTV Revenue

News broadcaster NDTV's consolidated revenue from operations for the quarter ended 31st December is ₹ 105.83 crore compared to ₹ 93.67 crore in the same period last year.

Total expenses stood at ₹ 82.4 crore compared to ₹ 85.03 crore a year ago.

The company said that it has delivered the best third quarter results in the last 11 years with a net profit of ₹ 22.69 crore compared to ₹ 12.13 crore.

The company posted an operating profit of ₹ 32.64 crore from the television media and related operations segment compared to ₹ 19.09 crore.

Revenue from the segment was ₹ 105.83 crore compared to ₹ 92.23 crore.

The company reported nil revenue from the e-commerce/retail segment.

On a standalone basis, NDTV's revenue from operations stood at ₹ 56.37 crore compared to ₹ 55.35 crore.

The company’s expenses were ₹ 51.56 crore compared to ₹ 51.85 crore.

Net profit increased to ₹ 10.53 crore compared to ₹ 6.66 crore.

According to NDTV, this is the company's best quarterly result in the last eight years.

NDTV Convergence, the company's digital arm, has marked its best quarter ever with a profit of more than ₹ 10 crore; its revenue has increased by 32% over the same quarter last year.

Despite the business challenges thrown up by the pandemic, the company has so far in this financial year reduced its bank borrowings by ₹ 27 crore.

“NDTV thanks every member of its team for ensuring quality news was delivered to its vast audience despite the many impediments presented by the Coronavirus outbreak. Its reporters and crews have travelled all over the country to share the most credible and latest information on how India is handling the pandemic,” the company said in a statement.

It further stated that the management is aware that the financial challenges of an economic slowdown continue to linger, with advertising yet to recover to pre-Covid levels;

एनडीटीवी प्रोफिट भी लॉन्च किया जिसे बाद में एक सूचना व मनोरंजन चैनल एनडीटीवी प्राइम में बदल दिया गया। कंपनी के सामान्य मनोरंजन और ई–कॉमर्स में व्यवसायिक हित है और कई संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से लाइफस्टाइल चैनल एनडीटीवी गुड टाइम्स, इंफोटेनमेंट चैनल एस्ट्रो अवनी और समाचार चैनल इंडिपेंडेट टेलीविजन सहित कई प्रसारण चैनलों के प्रबंधन का हिस्सा है।

एनडीटीवी राजस्व

न्यूज प्रसारक एनडीटीवी के 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही के परिचालन से समेकित राजस्व पिछले साल की समान अवधि के 93.67 करोड़ रुपये की तुलना में 31.83 करोड़ रुपये रहा।

कुल खर्च एक साल पहले के 85.03 करोड़ रुपये की तुलना में 82.4 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने बताया कि उसने 12.13 करोड़ रुपये की तुलना में 22.69 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के साथ पिछले 11 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ तीसरी तिमाही के नतीजे दिये हैं। कंपनी ने टेलीविजन मीडिया और संबंधित परिचालन खंड से 19.09 करोड़ रुपये की तुलना में 32.64 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ अर्जित किया।

92.23 करोड़ रुपये की तुलना में खंड से राजस्व 105.83 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने ई–कॉमर्स/रिटेल सेगमेंट से शून्य राजस्व की सूचना दी।

स्टैंडअलोन आधार पर एनडीटीवी का परिचालन से राजस्व 55.35 करोड़ रुपये की तुलना में 56.37 करोड़ रुपये रहा।

51.85 करोड़ रुपये की तुलना में कंपनी का खर्च 51.56 करोड़ रुपये रहा।

6.66 करोड़ रुपये की तुलना में शुद्ध लाभ बढ़कर 10.53 करोड़ रुपये हो गया। एनडीटीवी के अनुसार यह पिछले आठ वर्षों में कंपनी का सबसे अच्छा तिमाही परिणाम है।

कंपनी की डिजिटल शाखा एनडीटीवी कर्न्वजंस ने अपने सर्वश्रेष्ठ तिमाही को 10 करोड़ से अधिक लाभ के साथ चिन्हित किया हैः पिछले साल के इसी तिमाही में इसके राजस्व में 32% की वृद्धि हुई है।

महामारी द्वारा उत्पन्न व्यावसायिक चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने इस वित्तीय वर्ष में अपने बैंक ऋणों 27 करोड़ रुपये की कमी की है।

कंपनी ने एक बयान में कहा ‘एनडीटीवी ने अपनी टीम के प्रत्येक सदस्य को कारोनावायरस के प्रकोप द्वारा प्रस्तुत कई बाधाओं के बावजूद गुणवत्तापूर्ण समाचार सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया है। इसके पत्रकारों व कर्मचारियों ने देशभर की यात्रा की है कि भारत महामारी को कैसे संभाल रहा है। इस पर सबसे विश्वनीय व नवीनतम जानकारी साझा करे। इसने आगे कहा है कि प्रबंधन इस बात से अवगत है कि आर्थिक मंदी की वित्तीय चुनौतियां अभी बनी हुई है, विज्ञापन के साथ–साथ पूर्व–कोविद स्तर पर उबरने के लिए अभी तक, यह अगले

it is focused on mitigating any risk presented by this for the next few quarters.

CNN NEWS18

CNN-News18 (originally CNN-IBN) is an Indian English-language news television channel founded by Rajdeep Sardesai located in Noida, Uttar Pradesh, India. It is currently owned by Network 18 and WarnerMedia. CNN provides international coverage for the channel, while Indian Broadcasting Network concentrates on Indian and local reports.

In May 2014, Reliance Industries announced it would be taking over Network18. The move was touted as "the biggest-ever deal in the Indian media space". Reliance Industries already had indirect control of the TV18 network by virtue of investments it made in Network18 starting from January 2012.

CNN NEWS18 Revenue

TV18 Broadcast, a subsidiary of Network18, has registered a 373.33% year-on-year growth in Q4FY20 consolidated profit due to strong revenue and operating EBITDA.

The profit for the quarter stood at ₹ 142 crore, up from ₹ 30 crore in the same period last year.

Controls on operating expenses and subscription revenue growth more than filled in for the decline in advertising helped the news business remain profitable, the company said.

Revenue from operations grew by 21% year-on-year to ₹ 1,425 crore in the quarter ended March 2020, the company said in its BSE filing. Linear TV subscription revenue growth was at 41% in Q4 and B2C annuity nature provided solidity, it added.

Its operating earnings before interest, tax, depreciation and amortisation (EBITDA) for the quarter shot up 365% to ₹ 240 crore against ₹ 52 crore in the corresponding period the previous year.

"Rise in the ranking of our flagship entertainment channel and upsurge in news consumption helped the group post growth in ad-revenues in the quarter, even as advertising was severely impacted during late-Q4 due to the COVID-19 related lockdown," the company said.

TV18 Broadcast said its profit for the financial year 2019-20 surged 98.57% to ₹ 417 crore and revenue grew by 5% to ₹ 5,175 crore compared to the previous year.

कुछ तिमाहियों के लिए इसके द्वारा प्रस्तुत किसी भी जोखिम को कम करने पर केंद्रित है।

सीएनएन–न्यूज 18

सीएनएन–न्यूज 18 (मूल रूप से सीएनएन–आईबीएन) एक भारतीय अंग्रेजी भाषा का समाचार टेलीविजन चैनल है जिसकी स्थापना नोयडा उत्तर प्रदेश में राजदीप सरदेसाई द्वारा की गयी थी। यह वर्तमान में नेटवर्क 18 व वार्नरमीडिया के स्वामित्व में है। यह सीएनएन चैनल के लिए अंतरराष्ट्रीय कवरेज प्रदान करता है जबकि भारतीय प्रसारण नेटवर्क भारतीय और स्थानीय रिपोर्ट पर ध्यान केंद्रित करता है।

मई 2014 में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने घोषणा की कि वह नेटवर्क 18 को संभालेगी। इस कदम को भारतीय मीडिया का सबसे बड़ा सौदा कहा गया। जनवरी 2012 से शुरू होने वाले नेटवर्क 18 में किये गये निवेश के आधार पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास टीवी 18 नेटवर्क का अप्रत्यक्ष नियंत्रण पहले से ही था।

सीएनएन–न्यूज 18 राजस्व

नेटवर्क 18 की एक सहायक कंपनी के रूप में टीवी18 ब्रॉडकास्ट ने मजबूत राजस्व व परिचालन EBITDA के कारण क्यू4एफवाई20 में समेकित लाभ में 373.33% साल दर साल की वृद्धि दर्ज की।

तिमाही के लिए लाभ 142 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की समान अवधि में 30 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा विज्ञापन खर्च में गिरावट से अधिक परिचालन खर्च व सब्सक्रीप्शन आय में वृद्धि पर नियंत्रण ने समाचार व्यवसाय को लाभदायक बनाने में मदद किया।

मार्च 2020 में समाप्त तिमाही में परिचालन से राजस्व में 21% की वृद्धि के साथ 1425 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इसमें कहा गया है कि टेरेस्ट्रियल टीवी सब्सक्रीप्शन आय की वृद्धि क्यू4 में 41% थी, यह बात कंपनी ने बीएसई फाइलिंग में बतायी। इसमें कहा गया है कि टेरस्ट्रियल टीवी सब्सक्रीप्शन आय की बढ़ोतरी क्यू4 में 41% थी और बी2सी एन्युइटी नेचर को एकरूपता प्रदान की।

तिमाही के लिए ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (EBITDA) से पहले इसकी परिचालन आय 365% थी जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 52 करोड़ रु के मुकाबले 240 करोड़ रुपये थी।

कंपनी ने बताया कि 'हमारे प्रमुख मनोरंजन चैनल की रैंकिंग में वृद्धि और समाचार की खपत में वृद्धि ने तिमाही में विज्ञापन राजस्व में समूह में वृद्धि को बढ़ाने में मदद की, यहां तक कि कोविड 19 से संबंधित लॉकडाउन के कारण निकटवर्ती क्यू 4 के दौरान विज्ञापन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ।

टीवी 18 ब्रॉडकास्ट ने कहा कि वित्तवर्ष 2019–20 के लिए इसका लाभ 98.57% बढ़कर 417 करोड़ रुपये और राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में 5% बढ़कर 5175 करोड़ रुपये हो गया।

The full-year operating EBITDA stood at ₹ 703 crore, growing 124% over ₹ 314 crore reported in the previous fiscal.

TV18 said the benefits of a transparent and non-discriminatory B2C regime created by the implementation of the NTO (New Tariff Order) in Q4FY19 continued to accrue for the entire FY20.

Distribution improvements through tie-ups with cable and telecom platforms boosted the reach and enlarged the value-proposition of channel brands across a varied cross-section of viewers, it added.

TV18's Q4 average viewership share in news was 10.5%, up from 10.2% in Q3; while TV18 group's Q4 entertainment viewership share was 9.9% in Q4 versus 10.1% in the last quarter.

The contribution of subscription to the revenue mix has increased to 35% in FY20 from 26% in FY19, the company said.

INDIA TODAY TV

India Today (formerly Headlines Today) is a 24-hour English language television network based in Noida, Uttar Pradesh that carries news, current affairs and business programming in India. The channel is owned by TV Today Network Ltd, which is a part of Living Media.

The channel was launched in 2003 as a sister channel of the Hindi Aaj Tak news channel. It is one of the four news channels from the TV Today Network stable, the others being Aaj Tak, Tez and Delhi Aaj Tak. Alok Verma was brought in as the Executive Producer to successfully launch TV Today group's foray into the English news channel category.

India Today Revenue

TV Today Network Limited, which runs news channels Aaj Tak, India Today TV and Tez, and FM radio station Ishq FM, posted a net profit of ₹ 12.77 crore in Q1FY21, down 75% from ₹ 51 crore in the corresponding quarter of the previous year.

The company's total revenue for the quarter ending June 30, 2020, stood at ₹ 175 crore, down 32% from ₹ 260 crore in Q1FY20.

The television broadcasting business continued to contribute with more than 82% to the total revenue from operations of the company. The revenue from television

पूरे साल का संचालन EBITDA **703** करोड़ रुपये पर रहा जो पिछले वर्ष रिपोर्ट किये गये **314** करोड़ रुपये के मुकाबले **124%** अधिक था।

टीवी**18** ने कहा कि क्यू**419** में एनटीओ (न्यू टैरिफ ऑर्डर) के कार्यान्वयन के द्वारा बनायी गयी एक पारदर्शी व गैर भेदभावपूर्ण बी**2**सी शासन का लाभ पूरे एफवाई**20** के लिए जारी रहा। इसने बताया कि केबल और टेलीकॉम प्लेटफार्मों के साथ टाई अप के माध्यम से वितरण में सुधार ने दर्शकों के विभिन्न क्रास सेक्शन में चैनल ब्रांडों के मूल्य प्रसार के पहुंच को बढ़ाया।

समाचार में टीवी**18** की क्यू**4** की औसत दर्शकसंख्या हिस्सेदारी **10.5%** थी जो क्यू**3** में **10.2%** थी, जबकि टीवी **18** समूह के क्यू**4** मनोरंजन दर्शकों की हिस्सेदारी क्यू**4** में **9.9%** थी जो कि पिछली तिमाही में **10.1%** थी।

वित्तवर्ष **2018** राजस्व मिश्रण में सब्सक्रीप्शन का योगदान वित्तवर्ष **20** में **26%** से बढ़कर **35%** हो गया।

इंडिया टूडे टीवी

इंडिया टूडे टीवी (पूर्व में हेडलाइंस टूडे) उत्तर प्रदेश के नोयडा से संचालित होने वाला एक **24** घंटे का अंग्रेजी समाचार चैनल है जो भारत में समाचार, करेंट अफेयर्स व बिजेनस प्रोग्रामिंग करता है। चैनल स्वामित्व टीवी टूडे नेटवर्क लिमिटेड के पास है जो कि लिविंग मीडिया का हिस्सा है।

चैनल को **2003** में हिंदी आजतक न्यूज चैनल के सहयोगी चैनल के रूप में लॉन्च किया गया था। यह टीवी टूडे नेटवर्क के चार समाचार चैनलों में से एक है, अन्य हैं आजतक, तेज व दिल्ली आजतक। आलोक वर्मा को कार्यकारी निर्माता के रूप में टीवी टूडे समूह के प्लेटफार्म को अंग्रेजी समाचार चैनल श्रेणी को सफलतापूर्वक लॉन्च करने के लिए लाया गया था।

इंडिया टूडे राजस्व

टीवी टूडे नेटवर्क लिमिटेड, जो कि न्यूज चैनल आजतक, इंडिया टूडे टीवी, तेज और एफएम रेडियो स्टेशन इश्क का संचालन करता है ने क्यू**1**एफवाई**21** में **12.77** करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में **75%** घटकर **51** करोड़ रुपये था।

20 जून **2020** को समाप्त तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व **175** करोड़ रुपये था जो क्यू**1**एफवाई**20** में **260** करोड़ रुपये से **32%** कम है।

टेलीविजन प्रसारण व्यवसाय ने कंपनी के संचालन से कुल राजस्व में **82%** से अधिक का योगदान जारी रखा। टेलीविजन परिचालन से

operations stood at ₹ 137.79 crore, down 18% from ₹ 167.7 crore in the same quarter last year.

The radio broadcasting business earned a total revenue of ₹ 23 lakh in Q1FY21 compared with ₹ 3.78 crore in the first quarter of the previous year.

The company earned ₹ 2.13 crore during the quarter from the newspaper publishing business. The contribution of the newspaper business was 1.27% to the total revenue from operations. Following this, the company announced that it will stop publishing its compact daily Mail Today from August 10.

Income from others stood at ₹ 27.55 crore in the current quarter under review versus ₹ 27.97 crore in the same quarter of last year.

REPUBLIC TV

Republic TV is a free-to-air news channel launched in May 2017.

It was co-founded by Arnab Goswami and Rajeev Chandrasekhar, before the latter relinquished his stake in May 2019, leaving Goswami as the majority stakeholder. Chandrasekhar was an independent legislator from the National Democratic Alliance who later joined the Bharatiya Janata Party and Goswami was the former editor-in-chief of Times Now. The venture was funded primarily by Chandrashekhar through his company Asianet News.

Republic TV was funded in part by Asianet (ARG Outlier Asianet News Private Limited), which was primarily owned by Rajeev Chandrasekhar, a then-independent member of Rajya Sabha who had political links with Bharatiya Janata Party (BJP) and was vice-chairman of the National Democratic Alliance in Kerala. Among other major investors were Goswami himself, his wife Samyabrata Goswami, educationists Ramdas Pai and Ramakanta Panda — all of whom invested through SARG Media Holding Private Ltd.

Chandrasekhar resigned from the board, after he officially joined the BJP in April 2018; Goswami purchased back Asianet's shares in May 2019.

Republic TV allegedly became the most-watched English news channel in India in its first week of airing in May 2017 with 21.1 lakh (2.11 million) impressions and accounted for 51.9 per cent viewership as per data released for the week by the BARC. The Financial Express noted

राजस्व **137.79** करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में **167.7** करोड़ रुपये था।

रेडियो प्रसारण व्यवसाय ने पिछले वर्ष की पहली तिमाही में **3.78** करोड़ रुपये की तुलना में क्यू1एफवाई **21** में **23** करोड़ रुपये का कुल राजस्व कमाया।

कंपनी ने अखबार के प्रकाशन व्यवसाय से तिमाही के दौरान **2.13** करोड़ रुपये कमाये। संचालन से कुल राजस्व में अखबार के कारोबार का योगदान **1.27%** था। इसके बाद कंपनी ने घोषणा की कि वह **10** अगस्त से अपने कॉम्पैक्ट दैनिक मेल टूडे का प्रकाशन बंद कर देगी।

पिछले वर्ष की इसी तिमाही में समीक्षाधीन तिमाही में **27.97** करोड़ रुपये की तुलना में अन्य की आय **27.55** करोड़ रुपये थी।

रिपब्लिक टीवी

रिपब्लिक टीवी को मई **2017** में लॉन्च किया गया था जो कि एक फ्री–टू–एयर चैनल है। अर्नब गोस्वामी और राजीव चंद्रशेखर द्वारा इसकी सह स्थापना की गयी थी, बाद में मई **2019** में चंद्रशेखर ने अपनी हिस्सेदारी को अर्नब का बेच दिया और इस तरह अर्नब के पास अधिसंख्य हिस्सेदारी आ गयी। श्री चंद्रशेखर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के स्वतंत्र विधायक थे जो बाद में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये और श्री गोस्वामी टाइम्स नाउ के पूर्व प्रधान संपादक थे। उद्यम मुख्य रूप से श्री चंद्रशेखर की कंपनी एशियानेट न्यूज के माध्यम से वित्त पोषित किया गया था।

रिपब्लिक टीवी को एशियानेट (एजीआर आउटलायर एशियानेट न्यूज प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा वित्त पोषित किया गया था जो मुख्यरूप से राज्यसभा के स्वतंत्र सदस्य राजीव चंद्रशेखर के स्वामित्व में था जिनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ राजनीतिक संबंध था और केरल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उपाध्यक्ष थे। अन्य प्रमुख निवेशकों में स्वंय गोस्वामी, उनकी पत्नी सम्यब्रत गोस्वामी, शिक्षाविद रामदास पई और रमाकांत पांडा थे–जिनमें से सभी ने एसएआरजी मीडिया होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से निवेश किया था।

अप्रैल **2018** में आधिकारिक रूप से भाजपा में शामिल होने के बाद श्री चंद्रशेखर ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया, श्री गोस्वामी ने मई **2019** में एशियानेट के शेयरों को वापस खरीद लिया।

रिपब्लिक टीवी कथित तौर पर मई **2017** में **21.1** लाख (**2.11** मिलियन) इंप्रेशन के साथ प्रसारित होने के पहले सप्ताह में ही भारत में सबसे अधिक देखा जाने वाला अंग्रेजी समाचार चैनल वन गया और बीएआरसी द्वारा सप्ताह के लिए जारी आंकड़ो के अनुसार **51.9** प्रतिशत की दर्शक संख्या प्राप्त की। फाइनेंशियल एक्सप्रेस ने रिपब्लिक टीवी को

Republic TV to be the most-watched English news channel in India for 100 weeks in a row since its founding. The top news channel spot was taken over by DD India, a public service broadcaster, in February 2019, according to the Indian newspaper Mint.

Republic TV Revenue

The free-to-air (FTA) channel has been launched with 19 strategic partners, with a commitment of spent of ₹ 100 crore. “We are a cash positive company, with very less debt on our books. Also one of the reasons we have been able to launch the second channel within 19 months of rolling out the first one, is that our delivery to advertisers is highest. We ensure a good return-on-investment,” Vikas Khanchandani, group CEO, Republic Media Network, said.

ARG Outliner Media Asianet News Pvt Ltd, the holding form of Republic Media Network, narrowed its net loss to ₹ 77 lakh, for the year ended March 2018, according to financial data accessed by business intelligence platform, Tofler. The news network posted a net loss of ₹ 6.9 crore in FY17. Total revenue rose to ₹ 157.5 crore in FY18 from just ₹ 1.6 crore in FY17.

TIMES NOW

The Times Now is a 24-hour English news channel in India owned and operated by The Times Group. The channel launched on 23 January 2006 in partnership with Reuters. It is a pay television hroughout India. Until 2016, it was India's most popular and most viewed English news channel. After 2016, the channel has typically ranked as the second most watched English news channel in India.

Times Now is a 24 hour English news television channel that provides the urbane viewers the complete picture of the news that is relevant, presented in a vivid and insightful manner, which enables them to widen their horizons & stay ahead.

TimesNnow is brought to you by Times Global Broadcasting, a Bennett, Coleman & Co and Reuters service.

The Times Group is the largest media conglomerate in south Asia, with Leadership in newspaper publishing; magazines; music retailing; FM Radio; Internet; interactive media; mobile services and lifestyle television.

अपनी स्थापना के बाद से लगातार 100 सप्ताह तक भारत में सबसे अधिक देखा जाने वाला अंग्रेजी न्यूज चैनल होने का उल्लेख किया। भारतीय समाचारपत्र मिंट के अनुसार फरवरी 2019 में सार्वजनिक समाचार प्रसारणकर्ता डीडी इंडिया द्वारा शीर्ष समाचार चैनल का स्थान ले लिया था।

रिपब्लिक टीवी राजस्व

फ्री–टू–एयर (एफटीए) चैनल को 19 रणनीतिक भागीदारों के साथ लॉन्च किया गया था जिसमें 100 करोड़ रुपये खर्च किये गये। रिपब्लिक मीडिया नेटवर्क के सीईओ विकास खानचंदानी ने कहा कि 'हम कंपनी पर बहुत कम ऋण के साथ एक नकदी सकारात्मक कंपनी हैं। इसके अलावा पहले चैनल के लॉन्च के 19 महीने के भीतर हम जिन कारणों से अपने दूसरे चैनल को लॉन्च कर पाये हैं उनमें से एक यह है कि विज्ञापनदाताओं को हमारी डिलिवरी सबसे अधिक है। हम निवेश पर अच्छे रिटर्न को सुनिश्चित करते हैं।

रिपब्लिक मीडिया नेटवर्क की होल्डिंग कंपनी एआरजी आउटलाइनर मीडिया एशियानेट न्यूज प्राइवेट लिमिटेड ने मार्च 2018 में समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अपने नुकसान को कम कर दिया। यह जानकारी व्यापार खुफिया प्लेटफॉर्म टोफलर द्वारा जुटाये गये वित्तीय आंकड़ों के मुताबिक है। समाचार नेटवर्क ने वित्तवर्ष 17 में 6.9 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया। वित्तवर्ष 18 में कुल राजस्व बढ़कर 157.5 करोड़ रुपये हो गया जो कि वित्तवर्ष 17 में महज 1.6 करोड़ रुपये था।

टाइम्स नाउ

द टाइम्स नाउ भारत में 24 घंटे का अंग्रेजी समाचार चैनल है जिसका मालिकाना हक टाइम्स ग्रुप के पास है। चैनल को रॉयटर्स के साथ साझेदारी में 23 जनवरी 2006 में लॉन्च किया गया था। यह पूरे भारत में पे टेलीविजन है। 2016 तक यह भारत का सबसे लोकप्रिय और सबसे अधिक देखा जाने वाला अंग्रेजी समाचार चैनल था। 2016 के बाद चैनल को आमतौर पर भारत में दूसरा सबसे अधिक देखे जाने वाले चैनल के रूप में स्थान दिया गया था।

टाइम्स नाउ 24 घंटे प्रसारण करने वाला अंग्रेजी समाचार चैनल है। यह शहरी दर्शकों को उन समाचारों की पूरी तस्वीर प्रदान करता है जो प्रासंगिक है और इस ज्वलंत और व्यवहारिक तरीके से प्रस्तुत किया जाता है जो उनके सोचने के तरीके को विस्तृत करने और आगे रहने में सक्षम बनाता है।

टाइम्स नाउ को आपकी सेवा में टाइम्स ग्लोबल ब्रॉडकास्टिंग, बेनेट एंड कोलमैंड एंड कंपनी व रॉयटर्स सर्विस लेकर आया है।

टाइम्स ग्रुप दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा मीडिया समूह है जिसने अखबार प्रकाशन, पत्रिकाओं, संगीत की खुदरा बिक्री, एफएम रेडियो, इंटरनेट, इंटेरेक्टिव मीडिया, मोबाइल सेवायें और लाइफस्टाइल टेलीविजन के रूप में अपनी सेवा दे रहा है।

Times Now Revenue

Bennett Coleman and Company Ltd (BCCL) has recorded an increase of 7.87% in total revenue for the year ended March 31, 2019. The company has posted ₹ 6,985.91 crore as total income, compared to ₹ 6,476.08 crore for the year ended March 31, 2018.

The network's Profit After Taxation (PAT) has dipped 74.83% to ₹ 1,52.79 as compared to ₹ 607.08 crore in the previous year. Meanwhile, BCCL's advertising revenue has gone up by 1.7% to ₹ 4,845.15 crore as compared to ₹ 4,763.47 crore in FY 2018.

As per the financial statement from the Ministry of Corporate Affairs, in FY19 the network sales of publication and distribution revenue decreased by 3.47% to ₹ 680.96 crore as compared to ₹ 705.49 crore in the previous year. The revenue from the sale of traded products and services has increased by 78.31% to ₹ 458.53 crore. The event income of the company has also increased by 28.2% to ₹ 261.80 crore as compared to ₹ 204.06 crore in the previous financial year.

The company has mentioned in its financial statement that the year 2018-19 continued to be a challenging one for print media owing to pressure from escalated newsprint price and marginal dip in advertising and circulation revenue vis-a-vis the previous year.

In the television news business, the network owns three channels - Times Now, ET Now and Mirror Now. Times Now continues its dominance in the English News category and maintains its leadership position, as mentioned in the ROC filing. It further stated that ET Now has dedicated itself to the nation's development with the adoption of brand purpose- Rise with India. During the Union Budget coverage, ET Now was the undisputed leader with 82% viewership, the statement said.

In the entertainment business, the network owns Zoom, Movies Now, Romedy Now, MNX and MN+. The network claims that Movies Now retains the largest share of voice among the target audience, with a dominating leadership across social media.

TimesNowNews.com (Digital) started from the bottom of the comScore list in 2017 to enter the top three league in the English Digital News Publishing space in November 2018. Timesnownews.com has established itself as the fastest growing digital publisher, the statement reads.

INDIA AHEAD

India Ahead is a nationwide English News

टाइम्स नाउ का राजस्व

बेनेट कोलमेन एंड कंपनी लि (बीसीसीएल) ने **31** मार्च **2019** को समाप्त वर्ष के लिए कुल राजस्व में **7.87%** की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने कुल आय के रूप में **6985.91** करोड़ रुपये पोस्ट किये हैं, जबकि **31** मार्च **2018** को समाप्त वर्ष के लिए **6476** करोड़ रुपये की आय हुई थी।

पिछले वर्ष में **607.08** करोड़ रुपये की तुलना में नेटवर्क का प्रॉफिट आफ्टर टेक्सेशन (पीएटी) **74.83%** घटकर **152.79** करोड़ रुपये रह गया। इस बीच वित्तवर्ष **2018** में **4763.47** करोड़ रुपये की तुलना में बीसीसीएल का विज्ञापन राजस्व **1.7%** बढ़कर **4845.15** करोड़ रुपये हो गया।

वित्त मंत्रालय के कॉर्पोरेट मामलों के वित्तीय विवरण के अनुसार वित्त **19** में प्रकाशन व वितरण नेटवर्क विक्रय राजस्व **3.47%** घटकर **680.96** करोड़ रुपये रह गयी, जबकि पिछले वर्ष यह **705.49** करोड़ रुपये थी। व्यापार उत्पादों व सेवाओं की बिक्री से राजस्व **78.31%** बढ़कर **458.53** करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी की आय भी पिछले वित्तवर्ष में **204.06** करोड़ रुपये की तुलना में **28.2%** बढ़कर **261.80** करोड़ रुपये हो गयी।

कंपनी ने अपने वित्तीय विरण में उल्लेख किया है कि वर्ष **2018–19** प्रिंट मीडिया के लिए चुनौतीपूर्ण वर्ष बनी हुई है क्योंकि पिछले वर्ष में सर्कुलेशन व विज्ञापन राजस्व में कमी और अखबारी कागज की कीमत में उछाल के चलते दबाव बना हुआ है।

टेलीविजन समाचार व्यवसाय में नेटवर्क के तीन चैनल हैं–टाइम्स नाउ, ईटी नाउ और मिरर नाउ। टाइम्स नाउ अंग्रेजी समाचार श्रेणी में अपना वर्चस्व कायम किये हुए है, जिसका उल्लेख आरओसी फाइलिंग में किया गया है। इसमें आगे कहा गया है कि ईटी नाउ ने खुद को भारत के साथ ब्रांड उद्देश्य उदय को अपनाने के साथ देश के विकास के लिए समर्पित किया है। केंद्रीय बजट कवरेज के दौरान, ईटी नाउ **82%** दर्शकसंख्या के साथ निर्विवाद नेता था। यह जानकारी कंपनी ने एक बयान में दी है।

मनोरंजन व्यवसाय में नेटवर्क जूम, मूवीज़ नाउ, रोमेडी नाउ, एमएनएक्स और एमएन प्लस का मालिक है। नेतवर्क का दावा है कि मूवीज़ नाउ, लक्षित दर्शकों के बीच आवाज का सबसे बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया पर एक प्रभावशाली नेतृत्व के साथ बनाए रखता है।

TimesNowNews.com (डिजिटल) ने नवंबर **2018** में अंग्रेजी डिजिटल न्यूज पब्लिशिंग खंड में शीर्ष तीन लीग में प्रवेश करने के लिए **2017** में कॉमस्कोर सूची के नीचे से शुरूआत की। बयान में कहा गया कि TimesNowNews.com ने खुद को सबसे तेजी से बढ़ते डिजिटल प्रकाशक के रूप में स्थापित किया।

इंडिया अहेड

इंडिया अहेड एक राष्ट्रव्यापी अंग्रेजी न्यूज चैनल है। इसे आंध्र

Channel. It is promoted by Andhra Prabha Media Group and launched in June, 2018. The Channel carries news, current affairs, entertainment sports and business programming from Indian as well as International Perspective. It's the first English news channel to be beamed out of South India.

The tagline of India Ahead is “It’s Good News” which highlights the vision to look ahead and aim to inform and influence in making a better India for the generation to come.

India Ahead was led by Chetan Sharma as Founding CEO and Editorial Director. He is a celebrated TV anchor, a veteran journalist having headed teams across leading media houses like NDTV, Zee Network and India Today, ESPN Star Sports and TWI. Renowned names in the field of journalism like Sudha Sadanand, Sourav Sanyal, Sana Khan and Jujhar Singh are leading the team of India Ahead. In June, 2020 Andhra Prabha Group’s MD Mootha Goutam announced senior management changes to the English new channel India Ahead. While the founding CEO Chetan Sharma has moved on, the channel has made a series of senior appointments. Former CNN-News18 Sudeep Mukhia has joined India Ahead as Group President, News Room Operations & Editorial Strategies.

The channel became the No. 1 channel in terms of Average time spent by Viewers during the Budget Week among all the English News Channels of India. Also, the channel is performing well in the Southern Indian States such as Andhra Pradesh, Telangana, Tamil Nadu and Karnataka.

India Ahead News Private Limited is a Private incorporated on 17 September 2013. It is classified as Non-govt company and is registered at Registrar of Companies, Hyderabad. Its authorized share capital is ₹ 100,000,000 and its paid up capital is ₹ 99,200,000. It is inolved in Reproduction of recorded media [This class includes reproduction of records, audio, video and computer tapes from master copies, reproduction of floppy, hard or compact disks, reproduction of non-customised software and film duplicating]

India Ahead News Private Limited's Annual General Meeting (AGM) was last held on 29 September 2018 and as per records from Ministry of Corporate Affairs (MCA), its balance sheet was last filed on 31 March 2018.

प्रभा ग्रुप द्वारा प्रमोट किया गया और जून **2018** में लॉन्च किया गया था। चैनल, भारतीय के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से समाचार, करेंट अफेयर्स, एंटरटेनमेंट स्पोर्ट्स और बिजनेस कार्यक्रम को प्रसारित कर रहा है। यह दक्षिण भारत से प्रसारित होने वाला पहला अंग्रेजी समाचार चैनल है।

इंडिया अहेड का टैगलाइन है ‘इट्स गुड न्यूज’ है जो आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर भारत बनाने के लिए आगे देखना और सूचित करने और प्रभावित करने के उद्देश्य से दृष्टि को उजागर करता है।

इंडिया अहेड का नेतृत्व चेतन शर्मा ने संस्थापक सीईओ और संपादकीय निदेशक के रूप में किया है। वे एक प्रसिद्ध टीवी एंकर हैं, एक अनुभवी पत्रकार हैं, जिन्होंने प्रमुख मीडिया घराने जैसे एनडीटीवी, जी नेटवर्क, इंडिया टूडे, ईएसपीएन स्टार स्पोर्ट्स और टीडब्लूआई में काम किया है। पत्रकारिता क्षेत्र में प्रसिद्ध नाम जैसे सुधानंद, सौरव सान्याल, सना खान और जूझार सिंह इंडिया अहेड का नेतृत्व कर रहे हैं। जून **2020** में आंध्र प्रभा समूह की एमडी मुथा गौतम ने अंग्रेजी के नये चैनल इंडिया अहेड के लिए वरिष्ठ प्रबंधन परिवर्तनों की घोषणा की। जबकि संस्थापक सीईओ चेतन शर्मा आगे बढ़ चुके हैं, चैनल ने वरिष्ठ नियुक्तियों की एक श्रृंखला बनायी है। पूर्व सीएनएन-न्यूज **18** सुदीप मुखिया अध्यक्ष, समाचार कक्ष संचालन और संपादकीय रणनीतियों के रूप में इंडिया अहेड में शामिल हो गये हैं।

चैनल भारत के सभी अंग्रेजी समाचार चैनलों के बीच बजट सप्ताह के दौरान दर्शकों द्वारा खर्च किये गये औसत समय के संदर्भ में नंबर **1** चैनल बन गया है। साथ ही चैनल दक्षिण भारतीय राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटक में अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

इंडिया अहेड न्यूज प्राइवेट लिमिटेड **17** सितंबर **2013** को स्थापित किया गया निजी संस्थान है। इसे गैर सरकारी कंपनी के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह रजिस्ट्रार ऑफ हैदराबाद में पंजीकृत है। इसकी अधिकृत शेयर पूंजी **100,000,000** रुपये है और पेड अप कैपिटल **99,200, 000**रुपये है। यह रिकॉर्ड किये गये मीडिया का रि-प्रोडक्शन करता है (इस वर्ग में मास्टर कॉपी से रिकॉर्ड, ऑडियो, वीडियो और कंप्यूटर टेपों का फिर से उत्पादन, फ्लॉपी, हार्ड या कॉम्पैक्ट डिस्क का उत्पादन, गैर अनुकूलित सॉफ्टवेयर व फिल्म डुप्लिकेट का उत्पादन करना शामिल है।)

इंडिया अहेड न्यूज प्राइवेट लिमिटेड की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) अंतिम बार **29** सितंबर **2018** को आयोजित की गयी थी और कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के रिकॉर्ड के अनुसार इसकी बैलेंसशीट **31** मार्च **2018** को अंतिम रूप से दाखिल की गयी थी।

Directors of India Ahead News Private Limited are Gopala Krishna Mootha, Mahesh Bigala, Goutam Mootha.

WION (WORLD IS ONE NEWS)

WION (World is One News) is a multinational . English language news channel headquartered in New Delhi. It is owned by the Essel Group and is part of the Zee Media network of channels.

The founding team included Rohit Gandhi as editor-in-chief, Mandy Clark, former CBS correspondent, and Mithaq Kazimi, American media executive, as managing producers respectively. Known journalists included Saad Hammadi, Bangladesh bureau chief and former correspondent for The Guardian, Archith Seshadri, former CNN anchor, and Tathagata Bhattacharya, former editor of the CNN web edition.

The current team includes Sudhir Chaudhary as editor-in-chief and Network18 former senior editor Palki Sharma Upadhyay as executive editor. Sidhant Sibal of DD News joined the organisation on 1 April 2018. Sumit Chaturvedi, who was earlier with ET Now and CNBC TV18, looks after the business news content and does morning and evening business shows WALLET. Republic TV's former news anchor Akanksha Swarup joined WION in 2018, becoming one of the channel's leading faces. Sayed Mustafa Kazemi became Afghanistan Correspondent for the channel in February 2020. Associated journalists include Naveen Kapoor, Digvijay Singh Deo, Rabin Sharma, Ieshan Wani, Kartikeya Sharma, and Alyson le Grange.

WION, India's first Global News channel, continues to carve out a niche for itself and attains Top English News channel position with highest viewer stickiness. (Source: BARC, NCCS 22+ Male AB, All India Urban, 0600-2400, Wk 40 - 52 '19 Average ATSV). During the quarter, the channel hosted profitable engaging events like the E-mobility Summit in October, WION World Order- Talking Diplomacy and Mission Smart Cities 2020 in December with key stakeholders including ministers, industry leaders and distinguished guests.

इंडिया अहेड न्यूज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं गोपाल कृष्ण मूटा, महेश बिगला और गौतम मुत्ता।

डब्लूआईओएन (वर्ल्ड इज वन न्यूज)

डब्लूआईओएन (वर्ल्ड इज वन न्यूज) एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है। अंग्रेजी भाषा के समाचार चैनल का मुख्यालय नयी दिल्ली में है। यह एस्सेल समूह के स्वामित्व में है और जी मीडिया के चैनलों का हिस्सा है।

संस्थापक टीम में रोहित गांधी मुख्य संपादक के रूप में और मैंडी क्लॉर्क, सीबीएस के पूर्व संवाददाता और अमेरिकी मीडिया कार्यकारी मिथीक काजिमी, प्रबंध निदेशक के रूप में शामिल थे। जाने माने पत्रकार साद हम्मादी बंग्लादेश के ब्यूरो प्रमुख, द गॉर्जियन के पूर्व संवाददाता अर्चिथ शेषाद्री, पूर्व सीएनएन एंकर और सीएनएन वेब संस्करण के पूर्व संपादक तथागत भट्टाचार्य शामिल थे।

वर्तमान टीम में एडिटर इन चीफ के रूप में सुधीर चौधरी और कार्यकारी संपादक के रूप में नेटवर्क 18 के पूर्व वरिष्ठ संपादक पालकी शर्मा उपाध्याय शामिल हैं। डीडी न्यूज के सिद्धांत सिब्बल 1 अप्रैल 2018 को संगठन में शामिल हुए थे। सुमित चर्तुवेदी, जो कि पहले ईटी नाउ और सीएनबीसी टीवी 18 के साथ थे, व्यवसाय समाचार कार्यक्रम की देखभाल करते हैं और सुबह शाम व्यवसाय शो वलैट की मेजवानी करते हैं। रिपब्लिक टीवी की पूर्व समाचार एंकर आकांक्षा स्वरूप 2018 में डब्लूआईओएन के साथ जुड़ी, जो चैनल की प्रमुख चेहरों में से एक बन गयी। सईद मुस्तफा काज़मी फरवरी 2020 में चैनल के लिए अफगानिस्तान के संवाददाता बन गये। एसोसिएटेड पत्रकारो में नवीन कपूर, दिग्विजय सिंह देव, राबिन शार्मा, ईशान वानी, कार्तिकेय शर्मा और एलिसन ले ग्रेंज शामिल हैं।

डब्लूआईओएन भारत का पहला ग्लोबल न्यूज चैनल है जो खुद के लिए जगह बना रहा है और उच्चतम दर्शक संख्या के साथ शीर्ष अंग्रेजी समाचार चैनल की स्थिति प्राप्त की है। (स्रोतः बीएआरसी, एनसीसीएस 22 प्लस पुरूष एबी, अखिल भारतीय शहरी, 0600–2400, वीक 40 –52'19 औसत एटीएसवी)इस तिमाही के दौरान चैनल ने अक्टूबर में–ई–मोबिलीटी समिट, डब्लूआईओएन वर्ल्ड ऑर्डर टॉकिंग डिप्लोमेसी और मिशन स्मार्ट सिटीज 2020 जैसे मंत्रियों, उद्योग के नेताओं और प्रतिष्ठित मेहमानों के साथ लाभदायक आकर्षक कार्यक्रमों की मेजवानी की।

NEWSX

NewsX is India's fastest growing English News Channel and enjoys highest viewership and highest time spent amongst educated urban Indians.

Ever since its acquisition by the ITV Network, the channel has witnessed unprecedented growth.

NewsX is the News Leader and sets the news agenda for the nation, with its crisp formats, straight forward reporting, pointed debates, trending hashtags, and engaging mix of stories.

It offers maximum news and continues to lead.

NewsX is owned by ITV Network Group.ITV Network is India's fastest growing news network, with two national news channels, four regional news channels, two newspapers and various digital assets. It employs more than 2025 people across 25 bureaus/offices and has more than 106 live video sources. The Network has a cumulative reach of more than 100 million viewers and readers on a regular basis. ■

न्यूजएक्स

न्यूजएक्स भारत का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ अंग्रेजी न्यूज चैनल है और सबसे अधिक व्यअरशिप प्राप्त करता है और शिक्षित शहरी भारतीय इसे देखने में सबसे अधिक समय बिताते हैं।

आईटीवी नेटवर्क द्वारा इसके अधिग्रहण के बाद चैनल ने अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। न्यूजएक्स न्यूजलीडर है और राष्ट्र के लिए समाचार एजेंडा तय करता है जिसमें कि रोचक प्रारूप, सीधे आगे की रिर्पोटिंग, तीखी बहस, ट्रेडिंग हैशटैग और कहानियों का आकर्षक मिश्रण होता है। यह अधिकतम समाचार प्रदान करता है और लगातार नेतृत्व कर रहा है।

न्यूजएक्स का स्वामित्व आईटीवी नेटवर्क ग्रुप के पास है। आईटीवी नेटवर्क भारत का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ समाचार नेटवर्क है, जिसमें दो राष्ट्रीय समाचार चैनल, चार क्षेत्रीय समाचार चैनल, दो समाचार पत्र और विभिन्न डिजिटल संपत्ति है। इसका 25 ब्यूरो/कार्यलय 2025 से अधिक लोगों को रोजगार देता है और इसमें 106 से अधिक लाइव वीडियो स्रोत है। नेटवर्क में नियमित रूप से 100 मिलियन से अधिक दर्शकों व पाठकों की संचयी पहुंच है। ■